आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

सरकार ने कहा है कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के हो रही है।

भारत में पेट्रोल और डीजल का आयात करने की आवश्यकता नहीं है। हमारी सारी रिफाइनरी हंडरेड प्रसेंट की कैपेसिटी या उससे अधिक पर चल रही है। रिफाइनरीस के पास ऐडीक्वेट इंवेंटरी है क्रूट की और इसके अलावा सप्लाईजर ऑलसो मेंटेंड और इस स्थिति में पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है।

संयुक्त सचिव ने यह भी कहा कि पचीस हजार एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रतिदिन पचास लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

वहीं, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने लोगों से एलपीजी की बुकिंग केवल आधिकारिक माध्यमों से करने की अपील की और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने को कहा है।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिये आज की लिखित परीक्षा शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न हुयी। कल भी परीक्षा का आयोजन होगा। दोनों दिन दो पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पन्द्रह लाख पचहत्तर हजार सात सौ साठ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश सरकार ने व्यापक प्रबंध किये हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की जा रही है। सम्बन्धित जिलों के प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने आज परीक्षा के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच की।

****

अयोध्या में वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर उन्नीस मार्च को श्रीराम मंदिर परिसर में एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी शामिल होंगी। इस दौरान राष्ट्रपति श्रीराम यंत्र का विधि–विधान से पूजन करेंगी। एक रिपोर्ट–

श्रीराम मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में स्थापित होने वाले श्रीराम यंत्र की स्थापना अट्ठारह मार्च को विधिवत कर दी जायेगी। यह यंत्र दो वर्ष पूर्व जगदगुरू शंकराचार्य कांची कमकोटी पीठ द्वारा श्रीराम जन्मभूमि को भेंट किया गया था, जिसकी पूजा अब तक मंदिर परिसर में की जा रही थी। इस कार्यक्रम में देश भर से संत–महंत और श्रद्धालु और जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। केरल की प्रसिद्ध संत माता अमृतानंदा माई भी अपने लगभग एक हजार भक्तों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आयेंगी। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।

****

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज मिर्जापुर में लगभग दो करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास और आस्था के साथ व्यवस्था की सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, स्वच्छता, संस्कृति और समृद्धि को साथ लेकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।

****

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और कारोबार को आसान बनाने के लिये कई नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। इसके तहत भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई के पंजीकरण और लाइसेंस को लेकर अब पहले की तरह बार–बार लाइसेंस नवीनीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। नये नियम के तहत पजीकरण एवं लाइसेंस की वैधता स्थायी कर दी गयी है। इससे कारोबारियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। पहले पंजीकरण और लाइसेंस एक से पांच साल के लिये जारी किये जाते थे। इसी तरह पहले सलाना बारह लाख रूपये तक के कारोबार पर पंजीकरण होता था, जिसे बढ़ाकर अब डेढ़ करोड़ रूपये कर दिया गया है।

****

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के लम्बित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण हुआ। ऐसी विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए थे, उन्हें भी वाद–पूर्व सुनवाई स्तर पर लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निपटाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, चेक बाउंस, भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बिजली, पानी के बिल और बैंक वसूली जैसे मामलों का निस्तारण हुआ।

****

मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक प्रदेश के पश्चिमी एवं पूर्वी क्षेत्रों के कई शहरों में मौसम का मिजाज बदले रहने की सम्भावना जतायी है। विभाग के मुताबिक मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर एवं आसपास के इलाकों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही ओले पड़ने की भी सम्भावना है। वहीं गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रूखाबाद, कन्नौज सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी गरज के साथ तेज हवा और हल्की बूंदाबांदी की सम्भावना है।

****